देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 298 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
शक्ति का दुरुपयोग



# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 9 मार्च 2024



मौसम अधिकतम 23.0° न्यूनतम 11.0°

74119.39

2 यूएई से भारतीयों के लिए अच्छी खबर
7 रोहित के सम्मान में अंग्रेज भी झुके

# इंडिया अलायंस को एक और झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन इंडियाश अलायंस को एक और झटका लगा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने शुक्रवार को कहा है कि वह जम्मू–कश्मीर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के साथ सीट शेयरिंग के समझौते पर सहमत नहीं होगी। मालूम हो कि दोनों दल कांग्रेस के साथ राष्ट्रीय स्तर पर बने इंडिया अलायंस के गठबंधन का हिस्सा हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने पीडीपी पर तंज कसते हुए कहा, मैंने आपको बताया है। जो पार्टी तीसरे नंबर पर है, उसे सीट मांगने का कोई अधिकार नहीं है। अगर मुझे इंडिया अलायंस में शामिल होने से पहले बताया गया होता कि हमें दूसरे के लिए खुद को कमजोर करना होगा, तो मैं कभी शामिल नहीं होता।

बता दें कि हाल ही में पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने कहा था कि उनकी पार्टी चुनाव अकेले लड़ने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा था कि पीडीडी जम्मू कश्मीर की पांच और एक लद्दाख की सीट पर कैंडिडेट का फैसला करेगी। पीडीपी के सुहैल बुखारी ने कहा, चूंकि उन्होंने (नेशनल कॉन्फ्रेंस) ने पहले ही फैसला ले लिया है, हम लोग इस पर चर्चा करेंगे। विचार विमर्श होने के बाद जल्द ऐक्शन लिया जाएगा।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा, जहां तक सीट की बात है तो हम यह साफ कर देना चाहते हैं कि हम अपने दम पर चुनाव लड़ेंगे। इस पर कोई भी सवाल नहीं होना चाहिए। वहीं, उमर अब्दुल्ला ने यह भी साफ कर दिया कि ऐसा भी कोई परिदृश्य नहीं है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए का हिस्सा हो। नेशनल कॉन्फ्रेंस के इंडिया अलायंस से हटने की अटकलों से जुड़े सवाल पर अब्दुल्ला ने कहा, मैं यह साफ कर देना चाहता हूं कि एनडीए के लिए कोई भी खिड़की या यहां तक कि एक छोटा सा क्रैक भी नहीं है। हमारा उनके साथ शामिल होने की कोई संभावना नहीं है।

बता दें कि पिछले 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने जम्मू–कश्मीर की तीन सीटों पर जीत दर्ज की थी। उसे कुल 46 फीसदी से अधिक वोट हासिल हुए थे, जबकि नेशनल कॉन्फ्रेंस के खाते में तीन सीटें आई थीं। कांग्रेस को 28 फीसदी वोट जरूर मिले, लेकिन कोई भी सीट हासिल करने में कामयाब नहीं हो सकी थी।

## उमर अब्दुल्ला बोले, पहले बताया गया होता तो इंडिया अलायंस में ही नहीं होते शामिल

### उमर का महबूबा से गठबंधन से इनकार

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने लोकसभा चुनाव के लिए पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के साथ सीट साझेदारी के लिए गठबंधन करने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि वह पीडीपी के साथ सीट बंटवारे के लिए समझौता नहीं करेंगे।



### महबूबा का नेकां पर पलटवार

पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने उमर अब्दुल्ला के गठबंधन न करने के बयान पर पलटवार किया है। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि उमर अब्दुल्ला ने पीएजीडी को तितर–बितर किया। उमर ने खुद कहा कि वे गठबंधन में नहीं है। पीडीपी प्रमुख ने कहा कि वे इंडिया गठबंधन का हिस्सा है और सीट बंटवारे पर कांग्रेस से बात की जाएगी। महबूबा मुफ्ती ने अब गेंद को कांग्रेस के पाले में फेंक दिया है।

### जम्मू–कश्मीर में हैं पांच संसदीय क्षेत्र

जम्मू कश्मीर में पांच संसदीय क्षेत्र हैं। इनमें बारामुला–कुपवाड़ा और पुलवामा–श्रीनगर–गांदरबल संसदीय क्षेत्र कश्मीर प्रांत में हैं। जम्मू रियासी और उधमपुर डोडा–कठुआ संसदीय क्षेत्र जम्मू प्रांत में है। अनंतनाग–राजौरी संसदीय क्षेत्र पीरपंजाल के दोनों तरफ दोनों प्रांतों में फैला हुआ है। नेकां ने बीते सप्ताह ही कश्मीर प्रांत की दोनों सीटों के अलावा अनंतनाग–राजौरी सीट पर अकेले चुनाव लड़ने का अपना निर्णय सुना दिया था। आबादी के लिहाज से ऊधमपुर संसदीय क्षेत्र सबसे छोटा होगा। हालांकि इस क्षेत्र का बड़ा हिस्सा पहाड़ी है और सबसे अधिक फैला है। नए जम्मू संसदीय क्षेत्र की आबादी 22 लाख से अधिक होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### वायनाड से राहुल गांधी, आ गई कांग्रेस की पहली लिस्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने शुक्रवार को उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में राहुल गांधी, भूपेश बघेल समेत 39 उम्मीदवारों के नाम हैं। राहुल गांधी केरल की वायनाड लोकसभा सीट से मैदान में उतरेंगे। यूपी की अमेठी सीट पर अभी सस्पेंस है, क्योंकि चुनाव समिति की बैठक में अभी यूपी की सीट तय नहीं हुई है। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव सीट से उम्मीदवार बनाया गया है।

### पीएम ने राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार किए प्रदान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में पहली बार राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार प्रदान किए। इस मौके पर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंशर्स को सम्मानित किया गया। पीएम मोदी ने रणवीर अलहबादिया को डिसरप्टर ऑफ द इयर अवॉर्ड से सम्मानित किया।

# देवभूमि के स्वरूप को बदलने नही दिया जायेगा: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने नैनीताल जिलें को दी करोड़ों योजनाओं की सौगात

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को नैनीताल जिलें को करोड़ों योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि जैसे पवित्र भूमि पर लंबे समय से सरकारी भूमि पर लैंड जिहाद का खतरनाक षड़यंत्र रचा जा रहा है। सिंचाई विभाग, वन विभाग, नगर निगम सहित अन्य विभागों की सरकारी भूमि पर कब्जे की नीयत से कथित धार्मिक स्थल बनाकर उन्हें कब्जाया जा रहा था। सरकार द्वारा अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाकर लगभग 3500 एकड अधिक भूमि से अतिक्रमण मुक्त कराया है। उन्होंने कहा कि देवभूमि में अतिक्रमण अभियान भविष्य में भी चलता रहेगा। सरकार जनता का दुख दर्द समझती है सरकार द्वारा व्यापारियों हेतु वैडिंग जोन बनाये जाने की भी बात मुख्यमंत्री ने कही। उन्होंने कहा कि राज्य हित में नकल विरोधी कानून, समान नागरिक संहिता और धर्मांतरण को लेकर कानून बनाये गये हैं, इससे युवाओं, महिलाओं के हित सुरक्षित होने के साथ देवभूमि के स्वरूप को बनाये रखने में मदद मिलेगी।

सीएम ने कहा कि आज सरकार सभी योजनाओं को धरातल पर उतारा रही है। सरकार द्वारा जिन योजनाओं का शिलान्यास किया जा रहा है समयावधि के भीतर पूर्ण कर लोकार्पण भी किया जा रहा है। आज रोडवेज बस टर्मिनल, आरटीओ कार्यालय व अन्य कार्यों का शिलान्यास उनके द्वारा किया गया है मां शीतला देवी के आर्शीवाद से लोकार्पण भी उन्ही के द्वारा किया जायेगा। हमारा ये लक्ष्य रहा है कि उत्तराखण्ड का सर्वांगीण विकास हो और उत्तराखंड प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़े।

विस्तृत खबर पेज 8 पर...

### देहरादून व हल्द्वानी में स्थापित होगा मोटर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोडवेज बस टर्मिनल, आरटीओ कार्यालय, ड्राइविंग स्कूल का निर्माण होने से जहां रोजगार के अवसर बढेंगे, वही इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। अब आम जनता को वाहनों से सम्बन्धित कार्यों के लिए इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा। उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाने का जो ''विकल्प रहित संकल्प'' हमने लिया है। उत्तराखण्ड की देवतुल्य जनता के विश्वास और सहयोग से हम निश्चित रूप से सफल होंगे।

# सुधा मूर्ति राज्यसभा के लिए हुई मनोनीत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी दी है। राज्यसभा के सांसद के रूप में मनोनीत होने पर पीएम मोदी ने सुधा मूर्ति को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति हमारी नारी शक्ति के लिए एक शक्तिशाली प्रमाण है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनका योगदान बहुत बड़ा और प्रेरणादायक रहा है। पीएम मोदी ने सुधा मूर्ति की सफल संसदीय कार्यकाल की कामना भी की। उन्होंने आगे कहा कि राज्यसभा में उनकी उपस्थिति नारी शक्ति का एक शक्तिशाली प्रमाण है, जो हमारे देश की नियति को आकार देने में महिलाओं की ताकत और क्षमता का उदाहरण है।

मालूम हो कि सुधा मूर्ति ने हाल ही में नए संसद भवन का दौरा किया था। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा था कि संसद भवन को वह लंबे समय से देखना चाहती थी और उनका सपना पूरा हुआ। संसद भवन बहुत सुंदर है। इसकी तारीफ करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है। मैं काफी लंबे समय से देखना चाहती थी। यह सपना सच होने जैसा है।

### ऐलान

■प्रधानमंत्री मोदी ने सुधा मूर्ति को दी बधाई

### कौन हैं सुधा मूर्ति?

सुधा मूर्ति इन्फोसिस के सह–संस्थापक एन आर नारायण मूर्ति की पत्नी और मूर्ति ट्रस्ट की अध्यक्ष भी हैं। वह एक लेखिका, सामाजिक कार्यकर्ता हैं। 73 वर्षीय सुधा मूर्ति का नामांकन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हुआ है। भारत सरकार ने सुधा मूर्ति को साल 2006 में पद्म श्री और 2023 में पद्म भूषण से सम्मानित किया था।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# मेडिकल फैकल्टी की कमी को जल्द किया जाएगा दूर

**संवाददाता**

देहरादून। राजकीय मेडिकल कॉलेजों में मेडिकल फैकल्टी की कमी को जल्द दूर किया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इसके लिए उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड की प्रतिक्षा सूची में चयनित 20 असिस्टेंट प्रोफेसर की तैनाती को मंजूरी दे दी है। इन सभी चयनित असिस्टेंट प्रोफेसरों को मेडिकल कॉलेजों में खाली पदों पर जल्द तैनाती दी जाएगी।

### जल्द मिलेंगे 20 असिस्टेंट प्रोफेसर, बोर्ड ने वेटिंग लिस्ट से किया चयन

कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी की कमी को दूर करने को लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कमी को दूर करने को वेटिंग लिस्ट में रहे 20 असिस्टेंट प्रोफेसर की तैनाती को मंजूरी दी है। जल्द नियुक्ति आदेश जारी कर दिए जाएंगे। राजकीय मेडिकल कॉलेज दून में सबसे अधिक सात असिस्टेंट प्रोफेसर की तैनाती की जाएगी।

राजकीय मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा में पांच, राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में चार, राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में तीन, राजकीय मेडिकल कॉलेज रूद्रपुर में एक असिस्टेंट प्रोफेसर की तैनाती की जाएगी।

# भारत से दोस्ती के लिए तालिबान पाकिस्तान को कर रहा दरकिनार

रिपोर्ट

## ईरान के चाबहार पोर्ट पर भारत के गेम में फंस गया पाकिस्तान



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

तेहरान। तालिबान के आने के बाद भी भारत और अफगानिस्तान के बीच कूटनीतिक रिश्ते बने हुए हैं। इतना ही नहीं भारत से दोस्ती के लिए तालिबान पाकिस्तान को भी दरकिनार कर रहा है। भारत के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की तालिबान नेताओं से हालिया मुलाकात ने इसे और साफ कर दिया है। गुरुवार को विदेश मंत्रालय संयुक्त सचिव जेपी सिंह के नेतृत्व में भारत का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल तालिबान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी और वाणिज्य मंत्री अल्हाजी नूरुद्दीन अजीजी से मिला। इस बैठक में भारत और तालिबान सरकार के बीच राजनीतिक और आर्थिक संबंधों में विस्तार बढ़ाने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में प्रतिनिधियों के बीच चाबहार बंदरगाह का इस्तेमाल करके दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार शुरू करने पर जोर दिया गया।

चाबहार पर तालिबान के जाने से पाकिस्तान को पक्का मिर्ची लगने वाली है। ईरान में स्थित चाबहार बंदरगाह को भारत ने तैयार किया है। इसे पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह के जवाब के रूप में देखा जाता है, जिसे चीन ने बनाया है। यही वजह है कि पाकिस्तान शुरू से ही चाबहार को लेकर भारत का विरोध करता रहा है। लेकिन अब पाकिस्तान के लिए स्थिति और भी बुरी होने वाली है जब कभी उसका दोस्त समझा जाने वाला तालिबान उसकी बात न मानकर भारत के साथ उसी चाबहार पर जाने को तैयार है। बैठक के बारे में बताते हुए तालिबान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, ष्भारत अफगानिस्तान के साथ राजनीतिक और आर्थिक सहयोग बढ़ाने और चाबहार बंदरगाह के माध्यम से व्यापार बढ़ाने में रुचि रखता है। इस्लामिक अमीरात ऑफ अफगानिस्तान क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में भारत के साथ राजनीतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करना चाहता है।

चाबहार बंदरगाह ईरान में मौजूद गहरे पानी का बंदरगाह है, जिसका तेहरान और नई दिल्ली दोनों के लिए रणनीतिक महत्व है। दरअसल, भारत और अफगानिस्तान के बीच पाकिस्तान की जमीनी की जमीनी सीमा लगती है और जमीनी मार्ग से व्यापार के लिए पाकिस्तान अनुमति नहीं देता है। इसीलिए भारत ने चाबहार पोर्ट का विकास किया है, ताकि पाकिस्तान को दरकिनार कर अफगानिस्तान और मध्य एशिया के देशों के साथ व्यापार को जारी रख सके। भारत अब चाबहार बंदरगाह को अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारे के तहत लाने पर विचार कर रहा है, जो भारत, ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस के साथ ही मध्य एशिया और यूरोप तक व्यापारिक मार्ग प्रदान करेगा।

## न्यूज डायरी



### दिल तो बच्चा है जी... रशियन गर्लफ्रेंड से शादी करेंगे 92 साल के रूपर्ट मर्डोक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। रूपर्ट मर्डोक ने अपनी प्रेमिका एलेना झुकोवा से सगाई कर ली है। 92 साल के रूपर्ट पांचवीं बार शादी करने जा रहे हैं। शादी कैलिफोर्निया में उनके वाइनयार्ड और एस्टेट, मोरागा में होगी। बता दें कि रूपर्ट मर्डोक के फॉक्स और न्यूज कॉर्प के अध्यक्ष पद से हटने के कुछ ही महीने बाद उन्होंने यह घोषणा की है। 67 साल की ऐलेना जुकोवा मॉस्को, रूस से हैं। वह मॉलूक्यूलर बायोलजिस्ट रह चुकी हैं। ऐलेना ने रूपर्ट मर्डोक को पिछले साल से डेट करना शुरू किया था। दोनों की मुलाकात रूपर्ट मर्डोक की तीसरी पत्नी वेंडी के जरिए हुई थी। रूपर्ट की चौथी शादी एक्ट्रेस और मॉडल जेरी हॉल से हुई थी। 6 साल बाद यानी 2022 में दोनों ने तलाक ले लिया था। उनके अन्य पूर्व पत्नी ऑस्ट्रेलियाई फ्लाइट अटेंडेंट पेट्रीसिया बुकर, स्कॉटिश मूल की पत्रकार अन्ना मान,मिस डेंग और अमेरिकी मॉडल और अभिनेत्री जेरी हॉल थीं। रूपर्ट मर्डोक ने 1950 के दशक में ऑस्ट्रेलिया में अपना करियर शुरू किया। वह मीडिया के सबसे प्रभावशाली, सफल और विवादास्पद शख्सियतों में से एक हैं। मर्डोक को 1952 में अपने पिता से एक छोटा सा ऑस्ट्रेलियाई अखबार विरासत में मिला। उन्होंने तेजी से उसका विस्तार किया और टेलीविजन में कदम रखा।

### सीएम बनते ही एक्शन मोड में मरियम नवाज, विपक्ष पर किया जमकर वार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने अपने राजनीतिक विरोधियों को किसी भी हिंसक प्रदर्शन का सहारा लेने के खिलाफ चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि अगर राजनीति करने के बहाने कानून–व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश की गई, तो वह क्रूर बन जाएंगी। लोगों के लिए परेशानी पैदा की जाने वाली स्थिति को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इससे निर्मम तरीके से निपटा जाएगा। नवाज शरीफ की बेटी मरियम ने पिछले हफ्ते पाकिस्तान के सबसे अधिक आबादी वाले और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज और उसके सहयोगियों के खिलाफ देश भर में विरोध प्रदर्शन जारी हैं, क्योंकि आंदोलनकारियों का आरोप है कि आठ फरवरी के चुनाव परिणामों में धांधली हुई थी। इस बीच, नेता मौलाना फजलुर रहमान ने कहा है कि राजनीति में निर्णयकर्ता के रूप में पाकिस्तानी सेना सम्मान नहीं पा सकती। हां, देश के रक्षक के रूप में वह सम्मान पा सकती है। पाकिस्तानी हाई कोर्ट ने गुरुवार को नेशनल असेंबली में आवंटित आरक्षित सीटों वाले उम्मीदवारों के शपथ ग्रहण समारोह पर लगी रोक 13 मार्च तक बढ़ा दी है।

### यूएई से भारतीयों के लिए अच्छी खबर, अब 5 दिन में मिलेगा वर्क परमिट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। संयुक्त अरब अमीरात की सरकार निजी क्षेत्र की कंपनियों में वर्क परमिट की प्रक्रिया को बेहद ही आसान करने जा रही है। इसके लिए ‘वर्क बंडल’ नाम की पहल शुरू की गई है, जिसका पहला चरण दुबई में लागू होगा। धीरे–धीरे इसका विस्तार कर दूसरे अमीरात में लागू किया जाएगा। अमीरात न्यूज एजेंसी डब्ल्यूएएम पर गुरुवार को प्रकाशित बयान के अनुसार अब कंपनियों के लिए परमिट में सिर्फ 5 दिन लगने चाहिए। इसके पहले यह समय सीमा 30 दिन थी। इसके साथ ही सरकार ने आवश्यक दस्तावेजों की संख्या भी 16 से घटाकर 5 कर दी है। इसी तरह परमिट प्राप्त करने के लिए आवश्यक चरणों की संख्या भी 15 से घटाकर 5 कर दी गई है। साथ ही सेवा केंद्रों पर भी 7 के बजाय केवल दो बार जाने की जरूरत पड़ेगी। यूएई सरकार के मीडिया ऑफिस ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया है कि वर्क बंडल स्कीम के तहत निजी क्षेत्र की कंपनियों के पास अब एक ही प्लेटफॉर्म होगा, जिस पर नवीनीकरण, कैंसलेशन, मेडिकल जांच और फिंगरप्रिंट जैसे काम किए जा सकेंगे। ये प्लेटफॉर्म पहले ही 275,000 से अधिक फर्मों को सेवा दे रहा है। ये स्कीम ऐसे समय में लागू हो रही है, जब यूएई और भारत के बीच रिश्ते बहुत प्रगाढ़ हुए हैं। इस समय में संयुक्त अरब अमीरात में 35 लाख भारतीय रह रहे हैं।

## भारतीय कर्मी मालदीव के निर्देशन में करेंगे कार्य

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** माले। मालदीव के सुरक्षा बल ने कहा है कि वह भारत द्वारा दिए गए हेलीकाप्टर का संचालन करेगा और भारतीय तकनीक विशेषज्ञ भी उसके निर्देशन में कार्य करेंगे। यह बात एमएनडीएफ के कर्नल अहमद मुजुथबा मुहम्मद ने कही है।

एमएनडीएफ की ओर से यह बयान तब आया है जब मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी और उनके स्थान पर तकनीक विशेषज्ञों की तैनाती की प्रक्रिया चल रही है। कर्नल मुहम्मद ने कहा, राष्ट्रपति मुहम्मद मुइज्जु ने फैसला किया है कि दस मई के बाद कोई भी विदेशी सैनिक मालदीव में नहीं रहेगा। पिछले हफ्ते भारत ने कहा था कि आधुनिक हेलीकाप्टर के संचालन के लिए तकनीक विशेषज्ञों का पहला दल मालदीव पहुंच गया है। यह दल हेलीकाप्टर संचालन की जिम्मेदारी सैन्यकर्मियों से लेगा जिन्हें वापस भारत लौटना है। यह जानकारी 29 फरवरी को भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जैसवाल ने दी थी। दोनों देशों के अधिकारियों के बीच दो दौर की वार्ता में सैन्यकर्मियों को दस मई तक वापस बुलाने और उनके स्थान पर तकनीक विशेषज्ञों को मालदीव भेजने पर सहमति बनी थी। सैन्यकर्मियों के स्थान पर तकनीक विशेषज्ञों की तैनाती की प्रक्रिया दो चरणों में पूरी होनी है।



## पनामा में मिला सोने से भरा प्राचीन मकबरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पनामा सिटी। पनामा के एक पुरातात्विक पार्क में सोने के खजाने और बलि दिए गए लोगों के मकबरे का पता लगाया है। देश के सांस्कृति मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अनुमान के मुताबिक यह कब्र लगभग 1200 साल पुरानी है। यह उस संस्कृति को दिखाता है, जहां किसी बड़ी शख्सियत को दफनाया गया है। दर्जनों लोगों के साथ यह व्यक्ति ष्मौत के बाद के जीवनष् में जाना चाहता था, इसलिए बलि दी गई। एल कानो पुरातत्व पार्क में कब्र के अंदर वैज्ञानिकों ने सोने के खजाने को खोजा है, जिसमें कंगन, सोने के मोतियों वाले दो बेल्ट, मगरमच्छ जैसी कान की बालियां, सोने में जड़े व्हेल के दांत और गोलाकार सोने की प्लेटें भी शामिल हैं। पुरातत्वविदों को एक पुरुष और एक महिला के आकार की बालियां, दो घंटियां, कुत्ते के दांतों से बनी स्कर्ट और हड्डी की बांसुरी का एक सेट भी मिला है।

## चीन की चुनौती के बीच भारत के साथ साझेदारी मजबूत कर रहा है अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने दिया बड़ा बयान

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उनका देश अनुचित आर्थिक व्यवहार, ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व सुरक्षा के लिए चीन के खिलाफ खड़ा है और भारत जैसे सहयोगियों के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत कर रहा है। नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले अपने आखिरी ‘स्टेट ऑफ द यूनियन’ संबोधन में बाइडन ने कहा कि अमेरिका, चीन के साथ प्रतिस्पर्धा चाहता है न कि टकराव। उन्होंने अमेरिकियों को बताया कि देश बीजिंग के खिलाफ 21वीं सदी में प्रतिस्पर्धा जीतने के लिए मजबूत स्थिति में है। बाइडन ने कहा, ‘हम चीन के अनुचित आर्थिक कदमों और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति व सुरक्षा के लिए उसके खिलाफ खड़े हैं और साथ ही सहयोगियों और प्रशांत क्षेत्र के देशों भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान तथा दक्षिण कोरिया के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत बना रहे हैं।’

बाइडन ने कहा, ‘वर्षों से, मैंने अपने रिपब्लिकन मित्रों और कई अन्य लोगों से सुना है कि चीन आगे बढ़ रहा है और अमेरिका पीछे जा रहा है लेकिन यह उल्टा है। अमेरिका आगे बढ़ रहा है।’ उन्होंने कांग्रेस में अपने तीसरे ‘स्टेट ऑफ द यूनियन’ संबोधन में कहा कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे अच्छी है। इस संबोधन को बृहस्पतिवार रात को लाखों अमेरिकियों ने देखा। बाइडन ने कहा, ‘मेरे सत्ता में आने के बाद से हमारा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) बढ़ा है। पिछले एक दशक में चीन के साथ हमारा व्यापार घाटा सबसे निचले स्तर पर है। मैंने यह सुनिश्चित किया है कि सबसे उन्नत अमेरिकी प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल चीन के हथियारों में न किया जा सके। सच कहूं तो, चीन पर सख्त बातचीत के बावजूद मेरे पूर्ववर्ती के मन में ऐसा विचार कभी नहीं आया।’ अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ‘हम चीन या किसी भी अन्य देश के खिलाफ 21वीं सदी की प्रतिस्पर्धा को जीतने के लिए मजबूत स्थिति में हैं।’

### लगातार गर्म हो रही धरती, फरवरी में टूटे कई रिकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है और लगातार नौवें महीने फरवरी में पृथ्वी ने वैश्विक गर्मी के रिकार्ड को ध्वस्त कर दिया। पिछली दो सर्दियों की अपेक्षा इस बार तापमान फरवरी में अधिक रहा। इसमें समुद्र की सतह का तापमान भी शामिल हैं और यह महज फरवरी में ही सबसे गर्म नहीं था बल्कि इसने अगस्त 2023 के रिकार्ड को तोड़ दिया। यूरोपीय यूनियन की जलवायु एजेंसी कोपरनिकस ने बताया कि फरवरी 2024 में औसत तापमान 13.54 डिग्री सेल्सियस रहा, जिसने 2016 के पुराने रिकार्ड को तकरीबन आठ डिग्री सेल्सियस से तोड़ दिया। एजेंसी की गणना के अनुसार, फरवरी 19वीं सदी के उत्तरार्द्ध की तुलना में 1.77 डिग्री सेल्सियस गर्म रहा। 2015 के पेरिस समझौते में दुनिया ने तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस अथवा उससे कम रखने का प्रयास करने का लक्ष्य रखा था।

Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# निर्वाचन व्यवस्थाओं को पूरी निष्ठा एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश

बैठक

## लोकसभा चुनाव तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली बैठक

**संवाददाता**

चमोली। लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने शुक्रवार को वीसी के माध्यम से सभी रिटर्निंग ऑफिसर एवं नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्वाचन संबंधी सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण की जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि पुलिस एवं सेक्टर अधिकारी सभी वल्नरेबल एवं क्रिटिकल बूथों का संयुक्त निरीक्षण करते मैपिंग करना सुनिश्चित करें। मतदेय स्थलों पर रैम्प, पानी, विद्युत, शौड़, दरवाजे, खिड़की, फर्नीचर एवं अन्य जरूरी सुविधाओं को तत्काल बहाल किया जाए। आदर्श आचार संहिता लागू होने पर निर्धारित अवधि में की जाने वाली कार्रवाई हेतु समुचित व्यवस्थाएं अभी से की जाए। सेक्टर, जोनल एवं पोलिंग पार्टियों को ईवीएम, वीवीपैट वितरण



के साथ पोलिंग पार्टियों का मूवमेंट प्लान तैयार किया जाए। पोलिंग पार्टियों को गंतव्य स्थान पर सकुशल पहुंचाने तथा मतदान के पश्चात उनकी वापसी के लिए समुचित प्रबंधन किया जाए। उन्होंने निर्वाचन नियंत्रण कक्ष, शिकायत निवारण प्रकोष्ठ, व्यय लेखा एवं निगरानी व व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ, एमसीएमसी, मीडिया सेंटर, लेखन सामग्री, प्रपत्र, हेल्थ किट, वोटर स्लिप, वीडियोग्राफी आदि व्यवस्थाएं भी समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि माइग्रेट मतदेय स्थल माणा, नीती, गमशाली, कैलाशपुर, झेलम, कोषा, जुम्मा, द्रोणागिरी तथा मलारी के मतदाताओं के सूची तैयार करते हुए उनके साथ ग्राम स्तर पर बैठक करते हुए मतदान हेतु समुचित व्यवस्थाएं की जाए। जनपद में 18–19 आयु वर्ग के युवाओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए 11 से 16 मार्च तक सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में शिविर लगाए जाए। पिछले निर्वाचन में 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले बूथों पर बूथों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाए। प्रवासी मतदाताओं से संवाद कर मतदान के लिए बुलाया जाए। निर्वाचन ड्यूटी में तैनात समस्त कार्मिकों को ईडीसी अथवा पोस्टल बैलेट से मतदान की समय से व्यवस्थाएं की जाए। दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता, जो बूथ पर आने जाने में बिल्कुल ही असक्षम है, उनके लिए घर–घर जाकर पोस्टल बैलेट की सुविधा दी जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा के कहा कि निर्वाचन एक समयबद्ध प्रक्रिया होती है, सभी अधिकारी, कर्मचारी समय का विशेष ध्यान रखें और राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य को संपन्न कराने हेतु सौंपे गए दायित्वों का पूर्ण लगन एवं निष्ठा के साथ पूर्ण किया जाए।

वीसी में पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, अपर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश, तीनों विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सभी एसडीएम सहित निर्वाचन की विभिन्न व्यवस्थाओं से जुड़े सभी नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर किया गोष्ठी का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नेताजी संघर्ष समिति के कार्यालय कांवली रोड पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रभात डंडरियाल और संचालन आरिफ वारसी ने किया गोष्ठी में वक्ताओं ने महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने पर विशेष जोर दिया। गोष्ठी में बोलते हुए प्रभात डंडरियाल और आरिफ वारसी ने कहा कि जो लोग नारी को अबला समझते थे उन्हें अब सचेत हो जाना चाहिए कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखा रही है। स्मरण रहे कि महिला दिवस पूरे भारत में 8 मार्च को मनाया जाता है। इस गोष्ठी में प्रभात डंडरियाल ,आरिफ वारसी, सुरेश कुमार ,चिंतन सकलानी, सुशील विरमानी, रणजीत जोशी, पारस यादव, संदीप गुप्ता, दानिश नूर आदि लोग उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अमृतांजन के कॉम्फी चैंपियन हैशटैगपावरटूबीयू

**संवाददाता** देहरादून। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अमृतांजन हेल्थ केयर लिमिटेड ने अपने अभियान हैशटैगपावरटूबीयू के माध्यम से महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। तेजी से वृद्धि दर्ज करते मासिक धर्म स्वच्छता ब्रांड, अमृतांजन कॉम्फी द्वारा शुरू किया गया अभियान, भारत में मासिक धर्म से जुड़ी गरीबी को दूर करने का प्रयास करता है और इसका उद्देश्य यह संदेश फैलाना है कि हर महिला को अपने मासिक धर्म से सम्मान और आत्मविश्वास के साथ निपटने का अधिकार है। हैशटैगपावरटूबीयू का लक्ष्य है, किफायती और उच्च गुणवत्ता वाले मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों तक पहुंच प्रदान कर महिलाओं को सशक्त बनाकर समाज में बदलाव लाना है।

### एमेजॉन ने 49 अभियानों व उनके लाभों को उजागर करके मनाया महिला दिवस

**संवाददाता** देहरादून। एमेजॉन इंडिया ने 49वें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के साथ कार्यबल में आने वाले विविध अनुभवों, संस्कृतियों और परिदृश्यों का सम्मान करने की अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। इस साल के विषय, हैशटैगइंस्पायरइंक्लूजन के साथ कंपनी अपने 49 विविध कार्यक्रमों और अभियानों तथा महिलाओं पर उनके महत्वपूर्ण प्रभाव को उजागर कर रही है। एमेजॉन इंडिया ने अनेक नीतियाँ, कार्यक्रम एवं अभियानों को लागू किया है, जिनका उद्देश्य अपने कार्यबल में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाना और संगठन के अंदर व बाहर उन्हें व्यावसायिक विकास के अवसर प्रदान करना है। करियर में नियुक्ति से लेकर प्रतिभा के विकास तक विभिन्न चरणों में महिलाओं को सहयोग प्रदान करना है।

## शिव मंदिरों में उमड़ी आस्था, गूंजा ओम नमः शिवाय

**संवाददाता** हल्द्वानी। महाशिवरात्रि जहां पूरे जिले में हर्षोल्लास मनाई गई। श्रद्धालुओं ने बम–बम भोले, हर–हर महादेव, ओम नमः शिवाय के जयकारों के साथ जलाभिषेक किया। इस दौरान कई घरों में शिवार्चन भी किया गया।

महाशिवरात्रि के मौके पर शुक्रवार को मंदिरों में महादेव का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रही। सूर्योदय के साथ ही शिवालय में श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हुआ। सुबह आठ बजे तक हर मंदिर के बाहर लंबी कतारों में खड़े श्रद्धालु हाथ में पूजा की थाली लिए भोले बाबा के दर्शन करने का इंतजार करते दिखाई दिए। शहर के कालीचौड़, कालूसिद्ध, बेलबाबा, शितला देवी मंदिर, पिपलेश्वर महादेव, पंचेश्वर, नंदेश्वर, शिव शक्ति धाम, हेड़ाखान मंदिर कठघरिया, शीतलाघाट, सिद्धेश्वर, प्राचीन शिव मंदिर, आदि शिव मंदिर गुलजार रहे। श्रद्धालुओं ने दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल से जलाभिषेक कर भोले बाबा को भांग–धतूरे व बेर का भोग लगाया। वहीं कई मंदिरों में रुद्राभिषेक व महामृत्युंजय मंत्र का जाप भी किया गया।

महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव और पार्वती माता की पूरे विधि–विधान के साथ पूजा की जाती है। उन्हें प्रसाद के रूप में बेर, भांग–धतूरा, व बेलपत्र चढ़ाया जाता है। ऐसे में शनिवार को बेलपत्र और बेर खूब खरीदे गए। श्री शिव शक्ति धाम मंदिर ऊंचापुल में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में सुबह से शिव भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। इस अवसर पर मंदिर में प्रसाद के रूप में आलू वितरित किए गए।



### नैनीताल में शिव दर्शन को भक्तों की लगी कतारें

**संवाददाता** नैनीताल। महाशिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को नैनीताल के सभी धार्मिक स्थलों पर भक्तों की खासी भीड़ रही। इस दौरान सुबह से ही दर्शन को पहुंचने वाले श्रद्धालुओं ने कतार में लगकर जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक किया। मां नयना देवी मंदिर स्थित शिव मंदिर में तड़के 6 बजे से भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था। इस दौरान शहर समेत आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में लोगों ने यहां पहुंचकर मत्था टेका। मंदिर के प्रधान पुजारी बसंत बल्लभ पांडे ने पूजा अर्चना कराई। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में पहुंचकर शिव की आराधना की। इसके अलावा हनुमानगढ़ तथा गुफा महादेव में भी खासी भीड़ देखने को मिली। यहां पहुंची महिलाओं ने उपवास रखकर घरों से लाया जल तथा दूध चढ़ाया।

## मतदाता जागरूकता के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुई महिला क्रिकेट प्रतियोगिता

**संवाददाता** चमोली। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के तहत खेल विभाग के तत्वाधान में पुलिस मैदान गोपेश्वर में महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चार महिला क्रिकेट टीमों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान युवा खिलाड़ियों को मतदान का महत्व समझाते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला मैच स्पोर्टर्स स्टेडियम गोपेश्वर एवं पीजी कॉलेज गोपेश्वर की महिला टीमों के बीच खेला गया। स्पोर्टर्स स्टेडियम की महिला टीम ने निर्धारित 10 ओवरों



में दो विकेट खोकर 74 रन बनाए। जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए पीजी कॉलेज गोपेश्वर की टीम ने 8 ओवरों में 75 रन बनाकर 8 विकेट से मैच जीता।

दूसरा मैच पुलिस और बी द चेंज यूथ ग्रुप गोपेश्वर की महिला टीमों के बीच हुआ। जिसमें पुलिस टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 126 रन बनाए। जबकि बी द चेंज ग्रुप गोपेश्वर की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए निर्धारित ओवरों में 77 रन ही बना सकी।

फाइनल मैच पीजी कॉलेज गोपेश्वर और पुलिस की महिला टीमों के बीच खेला गया। जिसमें पुलिस टीम ने पहले खेलते हुए निर्धारित 12 ओवरों में 125 रन बनाए। जबकि पीजी कॉलेज की टीम 95 रन ही बना सकी। पुलिस टीम ने 30 रनों से प्रतियोगिता अपने नाम की। विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरण किया गया। इस प्रतियोगिता में यूथ ग्रुप की लक्ष्मी को उभरते हुए खिलाड़ी का पुरस्कार प्रदान किया गया।

### हिल डिपो भाजपा का चुनावी जुमला : बल्यूटिया

**संवाददाता** हल्द्वानी। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया ने सीएम धामी द्वारा हिल डिपो की घोषणा किए जाने को चुनावी जुमला बताया है। कहा कि एक तरफ रोडवेज ने पर्वतीय मार्गों की 70 से 80 प्रतिशत बसों का संचालन बंद कर दिया है। निगम के पास खस्ताहाल बसें हैं। दूसरी तरफ रोडवेज के 2900 संविदा कर्मी कई सालों से नियमितीकरण की आस लगाए बैठे हैं। वहीं, बस टर्मिनल का शिलान्यास महज चुनावी जुमला है। कहा कि मुख्य मार्ग संकरा होने से बस टर्मिनल बनने के बाद आए दिन जाम लगेगा। बल्यूटिया ने कहा कि भाजपा सरकार रिंग रोड, आईएसबीटी, जू सफारी, बहुद्देशीय भवन, छोटी मंडियां बनाने जैसी घोषणाएं भूल गई हैं। कहा कि आईएसबीटी की हल्द्वानी को नितांत जरूरत है, लेकिन सीएम ने मुंह मोड़ लिया है। कांग्रेस सरकार में शुरू हुए आईएसबीटी बनने के काम में रोक लगाकर भाजपा ने विकास विरोधी होने का प्रमाण दिया है।

*जो लोंग मन को नियंत्रित नहीं करते। उनके लिए मन शत्रु के समान कार्य करता है। – अज्ञात*

विचार-प्रवाह देहरादून, शनिवार, 9 मार्च 2024

पेज थ्री
www.page3news.in

# शक्ति का दुरुपयोग

**शायद यह भी एक वजह है कि अदालतों ने इसे लेकर सख्त रुख अपनाया है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्टों के ऐसे कई आदेश हैं जो बताते हैं कि सरकारी तंत्र को नागरिकों के अधिकारों को लेकर ज्यादा संवेदनशील होने की जरूरत है।**

गुलशन राय खत्री।।

सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार से यह पूछना मायने रखता है कि जमानत के प्रावधानों से संबंधित नया कानून लाने पर काम हो रहा है या नहीं। दरअसल, यह मामला सुप्रीम कोर्ट के ही जुलाई 2022 में दिए एक आदेश से जुड़ा है। उसमें कोर्ट ने केंद्र सरकार को कहा था कि जिन मामलों में अधिकतम सजा सात साल से कम हो, उनमें जमानत को लेकर नया कानून बनाया जाए।

इस संबंध में जो कोर्ट की चिंता है, वह देश के सिविल सोसाइटी सदस्यों की बातों से भी लंबे समय से झलकती रही है। जुलाई 2022 के आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने उसे इन स्पष्ट शब्दों में व्यक्त किया था कि भारत को कभी पुलिस स्टेट में तब्दील नहीं होना चाहिए।

इसे लेकर हमेशा सचेत रहना चाहिए। इसमें कोई शक नहीं कि आजादी के बाद से भारत लोकतंत्र की राह पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ता रहा है। अगर थोड़ा आगे–पीछे आजाद हुए अन्य देशों के अनुभवों के मुकाबले देखा जाए तो भारत में लोकतंत्र की जड़ें कहीं ज्यादा गहरी हैं। लेकिन फिर भी पुलिसिया ताकतों के गैरजरूरी इस्तेमाल की शिकायतें मिलती रहती हैं। और, दुर्भाग्य से उनमें से ज्यादातर शिकायतें ऐसी होती हैं, जिन्हें निराधार कहकर खारिज नहीं किया जा सकता।



यहां इस तथ्य को रेखांकित करना खास तौर पर जरूरी है कि यह समस्या किसी एक राजनीतिक दल से जुड़ी नहीं है। अगर ऐसा होता तो इस अर्थ में अच्छा था कि तब समस्या का समाधान अपेक्षाकृत आसान होता। लेकिन अलग–अलग कालखंडों की बात तो दूर, एक ही समय में अलग–अलग राज्यों में अलग–अलग दलों की सरकार होने के बावजूद वहां से ऐसी शिकायतें मिलती रहती हैं।

शायद यह भी एक वजह है कि अदालतों ने इसे लेकर सख्त रुख अपनाया है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्टों के ऐसे कई आदेश हैं जो बताते हैं कि सरकारी तंत्र को नागरिकों के अधिकारों को लेकर ज्यादा संवेदनशील होने की जरूरत है। अनावश्यक गिरफ्तारी या जमानत में देरी के अलग–अलग मामलों से निपटते हुए ऊपरी अदालतें ऐसे निर्देश देती रही हैं। लेकिन उनका ज्यादा असर नहीं दिखा तो उसकी एक वजह यह भी है कि इस बारे में कोई ऐसा स्पष्ट कानून नहीं है, जो राज्यों में कानूनी एजेंसियों के लिए मार्गदर्शन का काम करे।

जाहिर है, सुप्रीम कोर्ट का यह दखल जरूरी और महत्वपूर्ण है। अगर सरकार ने अब तक कानून बनाने की दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं की है तो अपने इस रुख को तत्काल बदलते हुए प्रभावी कानून लाने के प्रयासों में तेजी लानी चाहिए।

## वरदान



धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** आप मुझे वरदान दें कि वह गंध के रूप में बदल जाए और चार कोस तक फैली रहे। ” पराशर जी ने तथास्तु कह दिया। फलतः मत्स्यगंधा के शरीर से कस्तूरी की सी गंध निकलने लगी। वह गंध चार कोस तक फैली रहती थी अतः अब वह योजनगंधा भी कही जाने लगी। पराशर जी ने मत्स्यगंधा के साथ रमण किया। उनके साथ रमण के फलस्वरूप वह गर्भवती हुई। समय पर यमुना के द्वीप में एक बालक ने उसके गर्भ से जन्म लिय। वह बालक जन्म लेते ही बड़ा हो गया, वह तप करने के लिए वन में चला गया। वही बालक जगत में वेदव्यास जी के नाम से प्रसिद्ध हुआ। वेदव्यास जी का पूरा नाम कृष्ण द्वैपायन वेदव्यास था। वे श्याम वर्ण के थे, इसलिए उनका नाम कृष्ण पड़ा। वे दो द्वीपों के बीच में पैदा हुए थे, इसलिए द्वैपायन कहे जाते थे।

# संपादकीय

## न्यायपूर्ण समाज का आधार

वो जैन समुदाय के साथ ही अन्य विभिन्न समुदायों के भी बड़े प्रेरणास्रोत रहे। विभिन्न पंथों, परंपराओं और क्षेत्रों के लोगों को उनका सानिध्य मिला, विशेष रूप से युवाओं में आध्यात्मिक जागृति के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया। शिक्षा का क्षेत्र उनके हृदय के बहुत करीब रहा है। बचपन में सामान्य विद्याधर से लेकर आचार्य विद्यासागर जी बनने तक की उनकी यात्रा ज्ञान प्राप्ति और उस ज्ञान से पूरे समाज को प्रकाशित करने की उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दिखाती है। उनका दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा ही एक न्यायपूर्ण और प्रबुद्ध समाज का आधार है। उन्होंने लोगों को सशक्त बनाने और जीवन के लक्ष्यों को पाने के लिए ज्ञान को सर्वोपरि बताया। सच्चे ज्ञान के मार्ग के रूप में स्वाध्याय और आत्म–जागरूकता के महत्त्व पर उनका विशेष जोर था। इसके साथ ही उन्होंने अपने अनुयायियों से निरंतर सीखने और आध्यात्मिक विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का भी आग्रह किया था। आज जब हम विकसित भारत के निर्माण की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं, कर्तव्यों की भावना और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है।

आचार्य विद्यासागर जी जैसे संतों को देखकर अनुभव होता था कि कैसे भारत में अध्यात्म किसी अमर और अजस्र जलधारा के समान अविरल प्रवाहित होकर समाज का मंगल करता रहता है।

# आचार्य जी से मिली प्रेरणा

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री।।

जीवन में हम बहुत कम ऐसे लोगों से मिलते हैं, जिनके निकट जाते ही मन–मस्तिष्क एक सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। ऐसे व्यक्तियों का स्नेह, उनका आशीर्वाद, हमारी बहुत बड़ी पूंजी होता है। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज मेरे लिए ऐसे ही थे। उनके समीप अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता था। आचार्य विद्यासागर जी जैसे संतों को देखकर अनुभव होता था कि कैसे भारत में अध्यात्म किसी अमर और अजस्र जलधारा के समान अविरल प्रवाहित होकर समाज का मंगल करता रहता है।

आज मुझे, उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुआ संवाद, बार–बार याद आ रहा है। पिछले साल नवंबर में छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनके दर्शन करने जाना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात थी। तब मुझे जरा भी अंदाजा नहीं था कि आचार्य जी से मेरी यह आखिरी मुलाकात होगी। वह पल मेरे लिए अविस्मरणीय बन गया है। इस दौरान उन्होंने काफी देर तक मुझसे बातें कीं। उन्होंने पितातुल्य भाव से मेरा ख्याल रखा और देशसेवा में किए जा रहे प्रयासों के लिए मुझे आशीर्वाद भी दिया। देश के विकास और विश्व मंच पर भारत को मिल रहे सम्मान पर उन्होंने प्रसन्नता भी व्यक्त की थी।



अपने कार्यों की चर्चा करते हुए वह काफी उत्साहित थे। इस दौरान उनकी सौम्य दृष्टि और दिव्य मुस्कान प्रेरित करने वाली थी। उनका आशीर्वाद आनंद से भर देने वाला था, जो हमारे अंतर्मन के साथ–साथ पूरे वातावरण में उनकी दिव्य उपस्थिति का अहसास करा रहा था। उनका जाना उस अद्भुत मार्गदर्शक को खोने के समान है, जिन्होंने मेरा और अनगिनत लोगों का मार्ग निरंतर प्रशस्त किया है।

भारतवर्ष की ये विशेषता रही है कि यहां की पावन धरती ने निरंतर ऐसी महान विभूतियों को जन्म दिया है, जिन्होंने लोगों को दिशा दिखाने के साथ–साथ समाज को भी बेहतर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संतों और समाज सुधार की इस महान परंपरा में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज जी का प्रमुख स्थान है। उन्होंने वर्तमान के साथ ही भविष्य के लिए भी एक नई राह दिखाई है। उनका संपूर्ण जीवन आध्यात्मिक प्रेरणा से भरा रहा। उनके जीवन का हर अध्याय, अद्भुत ज्ञान, असीम करुणा और मानवता के उत्थान के लिए अटूट प्रतिबद्धता से सुशोभित है। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे विशेष बात ये थी कि उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था, उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था।

करुणा, सेवा और तपस्या से परिपूर्ण आचार्य जी का जीवन भगवान महावीर के आदर्शों का प्रतीक रहा, उनका जीवन, जैन धर्म की मूल भावना का सबसे बड़ा उदाहरण रहा। उन्होंने जीवन भर अपने काम और अपनी दीक्षा से इन सिद्धांतों का संरक्षण किया। हर व्यक्ति के लिए उनका प्रेम, ये बताता है कि जैन धर्म में ‘जीवन’ का महत्व क्या है। उन्होंने सत्यनिष्ठा के साथ अपनी पूरी आयु तक ये सीख दी कि विचारों, शब्दों और कर्मों की पवित्रता कितनी बड़ी होती है। उन्होंने हमेशा जीवन के सरल होने पर जोर दिया। आचार्य जी जैसे व्यक्तित्वों के कारण ही, आज पूरी दुनिया को जैन धर्म और भगवान महावीर के जीवन से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है।

### अष्टयोग-5050

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 2 | 4 | 1 | | |
| | 33 | | 23 | | 33 | 6 |
| 3 | 7 | 6 | | | 4 | 5 |
| | 42 | | 29 | | 25 | |
| | | 5 | | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 37 | 7 | 38 | | 33 | |
| | 2 | | 4 | | | 7 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5049 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 2 | 30 | 7 | 31 | 4 | 34 | 2 |
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |
| 5 | 28 | 6 | 31 | 6 | 39 | 3 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 3 | 30 | 5 | 32 | 7 | 34 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

अपना ब्लॉग

## प्रकृति के अनुकूल हो जीवनशैली

**मोहन।** ऐसे कालखंड में जब दुनियाभर में पर्यावरण पर कई तरह के संकट मंडरा रहे हैं, तब संत शिरोमणि आचार्य जी का मार्गदर्शन हमारे बहुत काम आने वाला है। उन्होंने एक ऐसी जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया, जो प्रकृति को होने वाले नुकसान को कम करने में सहायक हो। यही तो ‘मिशन लाइफ’ है जिसका आह्वान आज भारत ने वैश्विक मंच पर किया है। इसी तरह उन्होंने हमारी अर्थव्यवस्था में कृषि को सर्वोच्च महत्त्व दिया। उन्होंने कृषि में आधुनिक टेक्नॉलजी अपनाने पर भी बल दिया। मुझे विश्वास है कि वे नमो ड्रोन दीदी अभियान की सफलता से बहुत खुश होते। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी, देशवासियों के हृदय और मन–मस्तिष्क में सदैव जीवंत रहेंगे। आचार्य जी के संदेश उन्हें सदैव प्रेरित और आलोकित करते रहेंगे। उनकी अविस्मरणीय स्मृति का सम्मान करते हुए हम उनके मूल्यों को मूर्त रूप देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह ना सिर्फ उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि होगी, बल्कि उनके बताए रास्ते पर चलकर राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होगा।






## तारक मेहता... की सोनू अब बन गई है बिजनस वुमन

तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम झील मेहता इन दिनों चर्चा में हैं। हाल ही उन्होंने बॉयफ्रेंड आदित्य के साथ सगाई की तस्वीरें पोस्ट कर फैंस को खुशखबरी दी। शो में सोनू का किरदार निभाने वाली झील भले ही शो से लंबे समय से दूर हैं, लेकिन फैंस के दिलों में वह खूब बसती हैं। खासकर सोशल मीडिया पर उनकी धमक रहती है। अब 28 साल की इस बाला ने ऐसा खुलासा किया है, जिसे जानकर फैंस की नजरों में उनके लिए सम्मान और प्यार और बढ़ गया है। झील ने बताया है कि वह एक बिजनस वुमन भी हैं। झील मेहता के बारे में एक बात जो हम सभी जानते हैं, वो ये है कि वह कमाल की मेकअप आर्टिस्ट हैं। लेकिन अब उन्होंने खुलासा किया है कि वह एक बिजनस वेंचर भी चलाती हैं। हाल ही में अपने व्लॉग पर झील ने फैंस के कई सवालों का जवाब देते हुए यह खुलासा किया है। पढ़ाई के लिए एक्टिंग छोड़ने वाली झील ने इससे बताया पहले बताया था कि वह मेकअप आर्टिस्ट बन गई हैं। व्लॉग पर फैंस के साथ सवाल–जवाब के सेशन में झील ने बताया, मेरा सेफ स्टूडेंट हाउसिंग नाम से एक बिजनस है। यह एक स्टूडेंट हॉस्टल है। जो लोग बाहर से मुंबई में पढ़ाई करने आते हैं, मैं उनके रहने के लिए जगह उपलब्ध करवाती हूं। वैसे, जानकारी के लिए बता दें कि झील मेहता ने बीबीए की पढ़ाई की है और अब फाइनेंस में आगे की स्टडीज कर रही हैं।

## आमिर खान के जीजा और इमरान के सौतेले पिता हैं राजेंद्रनाथ जुत्शी

यामी गौतम की लेटेस्ट फिल्म आर्टिकल 370 ने खूब सुर्खियां बटोरीं और अब भी तारीफें पा रही है। फिल्म को यामी के पति और फिल्ममेकर आदित्य धर ने बनाया है और यह देश में आगामी संसदीय चुनावों से ठीक पहले आई है। फिल्म में धारा 370 को खत्म करने की जरूरत के बारे में बात की गई थी, जो तत्कालीन राज्य जम्मू और कश्मीर को विशेष दर्जा देता था। हालांकि, फिल्म में अनुभवी एक्टर राजेंद्रनाथ जुत्शी का किरदार है जो दिल जीत रहा है। 7 मार्च को राजेंद्रनाथ का 61वां जन्मदिन भी है। इस मौके पर हम आपको उनके बारे में दिलचस्प बात बताते हैं। जो लोग नहीं जानते उन्हें बता दें कि राज जुत्शी का असली नाम त्रमदकतंदंजी 'नजीप है। उनका जन्म श्रीनगर में एक कश्मीरी हिंदू परिवार में हुआ था। उनके दादा दीनानाथ जुत्शी भी एक एक्टर थे। हालांकि, कम ही लोग जानते हैं कि राज जुत्शी बॉलीवुड एक्टर इमरान खान के सौतेले पिता हैं। जी हां, वह आमिर खान की चचेरी बहन नुजहत जहां के दूसरे पति हैं।

## मर्डर मुबारक की कास्ट ने छपाक ट्रेंड को दिया नया ट्विस्ट



इस साल की सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक श्मर्डर मुबारकश अपनी घोषणा के बाद से ही चर्चा में बनी हुई है। होमी अदजानिया के डायरेक्शन में बनी और अनुजा चौहान के नोवल क्लब यू टू डेथ से प्रेरित इस फिल्म में रहस्य, कॉमेडी और रोमांस सबकुछ देखने को मिलेगा। सारा अली खान, करिश्मा कपूर, पंकज त्रिपाठी, विजय वर्मा, टिस्का चोपड़ा, संजय कपूर और सुहैल नैय्यर सहित स्टार्स इस फिल्म में हैं और अब इन सबने वायरल इंस्टाग्राम ट्रेंड छपाक पर वीडियो बनाया है, जिसमें छोटा सा ट्विस्ट भी है। सारा अली खान, पंकज त्रिपाठी, विजय वर्मा, टिस्का चोपड़ा, संजय कपूर और सुहैल नैय्यर हैं। इन सबने मर्डर मुबारक ट्विस्ट के साथ वायरल छपाक ट्रेंड को फिर से बनाया। कैप्शन में लिखा है, श्हमारे खूनी, क्लब, खचाक के खेल में कौन है असली कातिल?? मर्डर मुबारक 15 मार्च को आ रहा है, केवल नेटफ्लिक्स पर! मर्डर मुबारक का ट्रेलर सोशल मीडिया पर सामने आ गया है। 2 मिनट और 51 सेकंड में, यह रॉयल दिल्ली क्लब और इसके श्अंग्रेजीश सदस्यों के बारे में बताता है। हालांकि, एक हत्या ने क्लब को बैन कर दिया, जिससे एसीपी भवानी सिंह (पंकज त्रिपाठी) सुर्खियों में आ गए। जैसे ही वह सच्चाई को उजागर करने की कोशिश करता है।

# नवाजुद्दीन सिद्दीकी की पत्नी आलिया के खिलाफ गैर जमानती वारंट

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*नवाजुद्दीन सिद्दीकी की पत्नी आलिया सिद्दीकी बड़ी मुश्किल में फंस गई हैं। उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। यह वारंट अंधेरी कोर्ट ने 29 फरवरी को जारी किया था। आलिया की दोस्त ने उनके खिलाफ एक मामला दर्ज कराया था, जिसके बाद 29 फरवरी को उनके खिलाफ 138 निगोशिएबल एक्ट के तहत गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। यह मामला 2022 में रिलीज हुई फिल्म श्होली काउश जुड़ा हुआ है, जिसे नवाजुद्दीन सिद्दीकी की पत्नी आलिया ने प्रोड्यूस किया था।*

**दोस्त के साथ की धोखाधड़ी**

आलिया सिद्दीकी बिग बॉस ओटीटी 2 में नजर आई थीं। उन्होंने भ्वसल ब्लू को प्रोड्यूस किया था, जबकि दोस्त मंजू एम गढ़वाल को–प्रोड्यूसर रहीं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में दोस्त ने आलिया के साथ 31 लाख 68 हजार रुपए पैसे लगाए थे, पर आलिया ने पैसे नहीं लौटाए। इसके बाद दोस्त ने पांच साल पहले पैसे न लौटाने को लेकर आलिया सिद्दीकी के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।

**दोस्त मंजू बोलीं- आलिया ने नहीं लौटाए पैसे**

आलिया की दोस्त मंजू ने बताया कि पहले तो वह आलिया के साथ मिलकर फिल्म को प्रोड्यूस कर रही थीं। तब आलिया ने उनके परिवार से कुछ पैसे उधार लिए थे। मंजू के मुताबिक, यह केस पांच साल से चल रहा है, पर आलिया ने उनके पैसे



नहीं लौटाए।

**दो बार हुई सुनवाई पर नहीं पहुंचीं आलिया**

मंजू का कहना है कि केस की दो बार सुनवाई हुई, पर आलिया नहीं आईं। पहली सुनवाई पर उनके वकील आए थे और मंजू के साथ सेटलमेंट की बात करने लगे थे। पर आलिया बाद में गायब हो गईं। मंजू के मुताबिक, दूसरी सुनवाई पर भी आलिया हाजिर नहीं हुईं, और अब उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट इशू किया गया है। अब इस केस की सुनवाई 2 मई को होगी। मंजू ने आलिया के साथ–साथ उनके पति नवाजुद्दीन सिद्दीकी पर भी आरोप लगाए हैं। मंजू के मुताबिक, नवाजुद्दीन भी आलिया के साथ मिले हुए हैं।

**शिकायतकर्ता मंजू ने बताया क्या हुआ था**

मंजू ने आगे कहा, श्हमारे बीच झगड़ा हुआ और फिर उन्होंने मुझे फिल्म से हटाने की कोशिश की। पैसों का हिसाब–किताब करने के बाद, उन्होंने कुछ बकाया पैसे चुका दिए। इसके बाद जब फिल्म रिलीज हो रही थी, मैंने उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की, तभी उन्होंने हमें एक पीडीसी चेक (पोस्ट–डेटेड चेक) दिया। चेक बाउंस हो गया। उन पर हमारा 31 लाख 68 हजार रुपये बकाया हैं। उन्होंने मेरी कॉल का जवाब देना बंद कर दिया है और कोर्ट में भी पेश नहीं होती हैं। यहां तक कि नवाज भी कोई जवाब नहीं देते।श मंजू ने यह भी कहा कि उन्होंने फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडियन सिने एम्प्लॉइज में भी शिकायत दर्ज कराई है।

# गायब हुई करण कुंद्रा की नई विंटेज कार

*करण कुंद्रा की हाल ही खरीदी हुई विंटेज कार को किसी ने गैराज से गायब कर दिया है। करण परेशान हैं और समझ नहीं आ रहा कि कार किसी ने चुराई है या मजाक किया है। करण ने वीडियो बनाकर गुजारिश कि है कि जिसने भी गाड़ी उठाई है वह वापस कर दे।*



एक्टर करण कुंद्रा इस वक्त बहुत परेशान हैं। दरअसल उनकी कार गायब हो गई है। जिस कार पर बैठकर करण कुंद्रा बुधवार, 6 मार्च को पोज दे रहे थे, उसी कार का अब अता–पता नहीं है। करण कुंद्रा ने हाल ही हिंदुस्तान मोटर्स कंटेसा खरीदी थी। पर एक ही दिन बाद वह लापता हो गई। हालांकि अभी तक यह क्लियर नहीं हुआ है कि करण कुंद्रा की कार किसी ने चुराई है या फिर किसी ने प्रैंक किया है। करण कुंद्रा बहुत टेंशन में हैं और उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर वीडियो शेयर कर गुजारिश की है कि अगर किसी ने उनकी कार छुपाई है और प्रैंक किया है, तो लौटा दें। करण कुंद्रा का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। फैंस भी हैरान हैं कि क्या सच में करण कुंद्रा की विंटेज कार चोरी हो गई है?

**करण बोले- फनी नहीं है, ढंग से चलाई भी नहीं**

वीडियो में करण कुंद्रा बोल रहे हैं, श्जिसने भी ये मजाक किया है, बिल्कुल फनी नहीं है। मेरी नई कार है, मतलब जो भी है। चाहे पुरानी कार है। लेकिन यह बिल्कुल भी फनी नहीं है। ये कोई टाइम नहीं है प्रैंक करने का। मैंने ढंग से चलाई भी नहीं थी अभी। उसमें कोई सिक्योरिटी सिस्टम भी नहीं है। कोई ट्रैकिंग भी नहीं है, कैमरा नहीं है, ठीक है। लेकिन मेरी कार कहां है? प्लीज मत करो ऐसा।

**क्या है माजरा? सब कन्फ्यूज**

बता दें कि करण कुंद्रा ने 6 मार्च की शाम अपनी नई विंटेज कार के साथ पोज देते हुए सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए थे। लेकिन कुछ घंटे बाद ही एक्टर की कार गायब हो गई। आखिर माजरा क्या है, यह किसी को भी समझ नहीं आ रहा है। करण कुंद्रा के करियर की बात करें, तो वह बिग बॉस 15 में नजर आए थे। बाद में उन्होंने कुछ रियलिटी शोज भी होस्ट किए।

# शरीर को जर्जर बना देती है इन पोषक तत्वों की कमी




**इन चीजों में आयरन कूट-कूट कर भरा होता है**
आयरन की कमी के चलते महिलाएं एनीमिया का शिकार हो जाती है। किसी काम में उनका मन नहीं लगता। खून की कमी के चलते शरीर जल्दी थक जाता है। ऐसे में प्रोटीन की कमी को पूरा करने के लिए उन्हें पालक, चुकंदर बींस, दाल, ड्राई फ्रूट, साबुत अनाज जरूर खाने चाहिए। डाइट में रागी, बाजरा, और ज्वार को शामिल करना भी हेल्दी माना जाता है।

*काम के चक्कर में महिलाएं अपने लिए वक्त नहीं निकाल पातीं और अच्छे से खाना नहीं खाती। इसका असर उनकी सेहत पर नजर आता है और वो थायराइड, एनीमिया, और किडनी से जुड़ी बीमारियों की गिरफ्त में आने लगती हैं।*

तो आइए जानते हैं कि वो कौन सी चीजें हैं, जिनकी मदद से आवश्यक पोषक तत्वों की कमी को पूरा किया जा सकता है, और महिलाएं कमर दर्द, सिर दर्द, थायराइड, एनीमिया, हड्डियों में तेज दर्द, दिल व किडनी से जुड़ी सभी समस्याओं से खुद को दूर रख सकती हैं।

**कैल्शियम की कमी नहीं होने देंगे ये फूड**
महिलाओं में कैल्शियम की कमी शरीर की हड्डियों में दर्द का कारण बन सकता है। कैल्शियम की कमी से महिलाओं में बढ़ती उम्र के साथ ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या भी हो सकती है। ऐसे में महिलाओं को अपनी डाइट में अधिक से अधिक डेयरी उत्पादों शामिल करने चाहिए। चिया सीड्स पत्तेदार सब्जियां, बादाम और अंजीर भी कैल्शियम के अच्छे स्रोत हैं।

**पर्याप्त विटामिन डी के लिए ये खाना जरूरी है**
महिलाओं में अक्सर विटामिन डी की कमी हो जाती है। इस कारण उनका शरीर कमजोर होने लगता है। विटामिन डी की कमी से बचने के लिए महिलाएं अपनी डाइट में ट्राउट, या सैल्मन जैसी फैटी फिश शामिल कर सकती हैं। कार्ड लिवर ऑयल में भी काफी मात्रा में विटामिन डी होता है। इसके अलावा एक्सपर्ट दूध, अंडा, मशरूम, और साबुत अनाज खाने की सलाह देते हैं।

**ऐसे शरीर में पूरी होगी ओमेगा ३ फैटी एसिड की कमी**
महिलाओं को नियमित रूप से अखरोट, अलसी के बीज, सोया, एवोकाडो, मछली, अंडा जैसी चीजों को खाना चाहिए। ये सभी चीजें शरीर में ओमेगा 3 फैटी एसिड की कमी नहीं होने देती हैं। बता दें, शरीर में ओमेगा 3 फैटी एसिड की कमी होने से महिलाएं अक्सर डिप्रेशन का शिकार हो जाती हैं और उनकी मेंटल हेल्थ पर इसका बुरा असर पड़ता है।




## महिलाओं की सौतन हैं ये बीमारी, छुटकारा पाने के लिए जाएं गायनोकोलॉजिस्ट के पास

महिलाएं घर–परिवार के चक्कर में अपनी सेहत की देखभाल छोड़ देती हैं। जिसकी वजह से 5 बीमारियां हो सकती हैं। यह बीमारी ऐसी होती है कि नॉर्मल डॉक्टर की जगह गायनोकोलॉजिस्ट ज्यादा बेहतर सलाह दे सकती हैं। ये स्त्री रोगों में एक्सपर्ट होती हैं। अगर आपके प्राइवेट पार्ट में खुजली या जलन होती है तो यह किसी गंभीर समस्या का इशारा हो सकता है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए क्योंकि इसके पीछे इंफेक्शन हो सकता है। अगर वक्त पर इसे ठीक नहीं किया जाता तो पीसीओडी और पीसीओएस बन सकता है। हर महिला को महीने में एक बार पीरियड्स से गुजरना पड़ता है। इसमें एक–दो दिन की जल्दी या देरी होना आम बात है। लेकिन अगर संभावित डेट से काफी पहले या देर में पीरियड्स आते हैं तो आपको गायनोकोलॉजिस्ट से मिलना चाहिए। यह एंडोमेट्रियोसिस, पेल्विक इंफ्लामेटरी डिजीज, थायराइड डिसऑर्डर का संकेत हो सकता है। अगर महिलाओं के प्राइवेट पार्ट के पास किसी तरह का उभार या बंप नजर आ रहा है तो इसे इग्नोर करना भारी पड़ सकता है। यह वुल्वर सिस्ट, वजाइनल सिस्ट, वैरिकोसाइटाइज, वजाइनल स्किन टैग या जेनाइटल हर्पीज हो सकते हैं। महिलाओं को शारीरिक संबंध बनाने के दौरान दर्द हो सकता है।

## इन लोगों के लिवर में लगा है कचरे का ढेर, साफ करना है तो ऐसे खाएं आंवला

क्या आपको लिवर क्लीनिंग की जरूरत है? समय के साथ लिवर के अंदर गंदगी और अशुद्धियां बैठ जाती हैं। यह आपके हाई फैट खाने, सुस्त जीवनशैली या शराब व धूम्रपान के सेवन से हो सकती हैं। इसकी वजह से लिवर बीमार होने लगता है और लिवर क्लीनिंग की जरूरत पड़ जाती है। लिवर क्लीनिंग के लिए लाइफस्टाइल और खानपान में कुछ अहम बदलाव किए जाते हैं। कई बार आयुर्वेदिक व घरेलू उपायों की मदद भी ली जाती है। सेलिब्रिटी न्यूट्रिशनिस्ट मुनमुन गनेरीवाल ने बताया कि किन लोगों को लिवर की सफाई करवा लेनी चाहिए।
जब लिवर में टॉक्सिन बढ़ जाते हैं तो यह अपना काम ढंग से नहीं कर पाता है। इसकी वजह से फैट एनर्जी में नहीं बदल पाता और जमा रहता है। यह आपके पाचन पर भी असर डालता है और भूख कम होने लगती है और ट्राइग्लिसराइड का लेवल भी बढ़ने लगता है। हड्डियों को मजबूत करने के लिए विटामिन डी3 की जरूरत है। धूप मिलने पर लिवर इसे बनाता है। इसके साथ आयरन बैलेंस करने वाला हॉर्मोन पैदा करता है।

## 30 दिनों में 10 किलो घटा देंगे ये 2 आसान उपाय, अंदर धंस जाएगा थुलथुला पेट




वजन कम करने के उपाय, वजन कैसे कम करें, वजन कम करने की टेबलेट, वजन कम करने के लिए क्या खाएं, वजन कम करने की एक्सरसाइज और जल्दी वजन कम करने के तरीके क्या हैं? ऐसे सवालों से पूरा इंटरनेट भरा पड़ा है। वजन बढ़ना एक गंभीर समस्या बन गया है और अधिकतर लोग बढ़ते वजन को कम करने के लिए इन सवालों के जवाब जानना चाहते हैं। यह हकीकत है कि मोटापा न केवल आपकी सुंदरता को प्रभावित करता है बल्कि आपको कई गंभीर बीमारियों जैसे डायबिटीज, कैंसर, हाई बीपी और यहां तक कि हार्ट अटैक जैसी जानलेवा स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।
यह बात भी सच है कि वजन बढ़ना जितना आसान है, इसे कम करना उतना ही मुश्किल है। किसी भी उपाय से रातोंरात वजन कम नहीं किया जा सकता है। हां, अगर आप सही टेक्निक जान जाएं, तो काम आसान हो सकता है। आपको दो ऐसे फुलप्रूफ तरीके बता रही हैं, जो एक महीने में 10 किलो वजन कम कर सकते हैं। एक्सपर्ट के अनुसार, 1 किलो वजन कम करने के लिए आपको कम से कम 7000 कैलोरी बर्न करनी होगी। इस हिसाब से 10 किलो कम करने के लिए 70000 कैलोरी बर्न करनी होगी। 70000 कैलोरी को 30 दिनों से डिवाइड कर लीजिए। इस हिसाब से आपको रोजाना कम से कम 2300 कैलोरी बर्न करनी होगी।

# डायबिटीज के मरीजों के लिए अमृत हैं, कंट्रोल में रहता है ब्लड शुगर

*डायबिटीज एक गंभीर बीमारी है। इस रोग में शरीर इंसुलिन बनना बंद कर देता है, और शुगर बढ़ने लगता है। ये शरीर में हाई ब्लड शुगर का कारण बनता है। ऐसे में जानना जरूरी है कि हम ऐसा क्या खाएं कि शरीर में इंसुलिन की मात्रा कम न हो पाए और डायबिटीज कंट्रोल में रहे। आयुर्वेदिक इस सवाल का जवाब देती हैं, और बताती हैं कि हम अपनी डाइट में किन चीजों को शामिल कर सकते हैं, जो इंसुलिन बूस्ट करने में मददगार होते हैं। तो आइए जानते हैं वो फूड्स कौन से हैं जो आपके शरीर में तेजी से इंसुलिन बढ़ा सकते हैं।*

**डायबिटीज मरीजों के लिए दवा से कम नहीं है आंवला**
आंवला में विटामिन सी की मात्रा अधिक होती है। यह आपको थकान से बचाने में मदद करता है। ये कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने और शुगर लेवल कम करने में भी सहायक है। हम इसे फल, पाउडर, या जूस के रूप में खा सकते हैं। इसका अचार भी खाया जा सकता है।

**डायबिटीज के मरीजों के लिए वरदान हैं मोरिंगा के पत्ते**
मोरिंगा एक सुपर फूड है जो इंसुलिन प्रतिरोध को कम करने में





एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

आश्चर्यजनक रूप से काम करता है। मोरिंगा की पत्तियों में आइसोथियोसाइनेट नाम का एक खास केमिकल कंपाउंड पाया जाता है, जो डायबिटीज को कंट्रोल में रखता है। ये पाचन को बेहतर करने के लिए भी जाना जाता है।

**जामुन से भी डायबिटीज को कंट्रोल किया जा सकता है**
जामुन खाकर भी डायबिटीज को कंट्रोल किया जा सकता है। एक्सपर्ट जामुन को एक लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स फूड बताते हैं। दावा किया जाता है कि जामुन खाने से ब्लड शुगर का लेवल नॉर्मल रहता है। इसमें इंसुलिन की संवेदनशीलता बढ़ाने वाले कंपाउंड होते हैं।

**ये कुछ चीजें भी शरीर में तेजी से इंसुलिन बढ़ा सकती हैं**
आंवला, मोरिंगा, व जामुन के अलावा चने, अपराजिता फूल, पपीता, बेलपत्र, मेथी, नारियल, हल्दी, रागी, अनार, पटसन के बीज, सोंठ पाउडर, अलसी, और दालचीनी की चाय आपके शरीर में तेजी से इंसुलिन बढ़ा सकते हैं।



बेन सियर्स को मिला ड्रीम डेब्यू

न्यूजीलैंड के बाद ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। बेन सियर्स ने स्टीव स्मिथ (11) को एलबीडब्ल्यू आउट करके ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया। इसके बाद मैट हेनरी ने उस्मान ख्वाजा (16), कैमरन ग्रीन (25) और ट्रेविस हेड (21) को अपना शिकार बनाया। देखना दिलचस्प होगा कि दूसरे दिन कौन सी टीम ड्राइविंग सीट पर रहेगी।

## तेज गेंदबाजों ने पहले दिन कहर बरपाते हुए झटके 14 विकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार को क्राइस्टचर्च में दूसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल संपन्न हुआ। पहले दिन तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहा, जिन्होंने कुल 14 विकेट चटकाए। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी की और उसकी पहली पारी 45.2 ओवर में 162 रन पर सिमटी। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने स्टंप्स तक 36 ओवर में 4 विकेट खोकर 124 रन बनाए। स्टंप्स के समय मार्नस लाबुशेन 45' और नाथन लियोन 1' रन बनाकर क्रीज पर थे। ऑस्ट्रेलियाई टीम अभी न्यूजीलैंड के स्कोर से 38 रन पीछे है जबकि उसके 6 विकेट बचे हैं। न्यूजीलैंड के दो दिग्गज केन विलियमसन और टिम साउथी अपना 100वां टेस्ट खेलने उतरे। दोनों दिग्गज अपने बच्चों के साथ मैदान में आए और 100वें टेस्ट का जश्न मनाया। केन विलियमसन अपने 100वें टेस्ट को खास नहीं बना सके और 17 रन पर आउट होकर पवेलियन लौट गए। टिम साउथी ने 26 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड (5 विकेट) और मिचेल स्टार्क (3 विकेट) ने घातक गेंदबाजी करते हुए न्यूजीलैंड को कम स्कोर पर समेटा। हेजलवुड ने 12वीं बार टेस्ट मैच की एक पारी में पांच विकेट लिए।

# बेन स्टोक्स की जादुई बाल सन्न से बोल्ड हुए रोहित

क्रिकेट

## रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने लगाया शतक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

धर्मशाला। 103 रन बनाकर खेल रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा उस वक्त सन्न रह गए, जब नौ महीने बाद गेंदबाजी कर रहे बेन स्टोक्स ने उन्हें क्लीन बोल्ड कर दिया। भारतीय कप्तान को हवा भी नहीं लगी कि कैसे विरोधी कप्तान ने उनकी गिल्लियां बिखेर दी। धर्मशाला टेस्ट के दूसरे दिन अपने करियर का 12वां शतक जमाने के बाद जब रोहित शर्मा दूसरे सेशन में बल्लेबाजी करने उतरे तो एक शानदार बॉल का उनके पास कोई जवाब नहीं था। घुटने की सर्जरी के चलते पांच मैच की मौजूदा सीरीज में अबतक बतौर स्पेशलिस्ट बल्लेबाज खेलने वाले बेन स्टोक्स पहली बार गेंदबाजी करने आए और दर्शनीय आउट स्विंगर पर रोहित शर्मा का स्टंप उखाड़ दिया।



रोहित शर्मा और शुभमन गिल के शतकों के बीच इंग्लैंड पूरी तरह मैच से बाहर नजर आ रहा था। भारतीय बल्लेबाज एंडरसन, मार्क वुड समेत शोएब बशीर और हार्टली जैसे स्पेशलिस्ट गेंदबाजों की बखिया उधेड़ रहे थे। ऐसे में कप्तान बेन स्टोक्स ने खुद गेंदबाजी करने का फैसला लिया। इस चाल ने उन्हें दोबारा कॉन्टेस्ट ला खड़ा किया क्योंकि नौ महीने बाद फेंकी अपनी पहली इंटरनेशनल बॉल पर उन्होंने सेट हो चुके रोहित शर्मा को क्लीन बोल्ड कर दिया।

बेन स्टोक्स ने इससे पहले साल 2023 में जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी बार टेस्ट क्रिकेट में बॉलिंग की थी। स्टोक्स ने गुड लेंथ पर बॉल फेंकी, जो पड़ने के बाद अंदर की ओर आई। रोहित बिना किसी फुटवर्क के बल्ला अड़ाना चाहते थे। गेंद बाहरी किनारे को चीरती हुई ऑफ स्टंप के टॉप पर जा लगी। ये एक जादुई बॉल थी, जिसे देखकर हर कोई सन्न रह गया। रोहित शर्मा ने आउट होने से पहले 162 बॉल पर 103 रन की बेहतरीन पारी खेली, इस दौरान 13 चौके और 3 छक्के जमाए।

एचपीसीए स्टेडियम पर भारतीय प्रशंसकों से अधिक शोर 'बार्मी आर्मी' (इंग्लैंड के समर्थकों) ने मचाया, लेकिन इसका भी कोई असर नहीं हुआ। रोहित और गिल ने सुबह दो घंटे के खेल में 30 ओवर में 129 रन बनाए। ऑफ स्पिनर बशीर ने अनुभवी तेज गेंदबाज एंडरसन के साथ गेंदबाजी की शुरुआत की। रोहित ने दूसरे ही ओवर में उन्हें छक्का और चौका लगाकर दबाव में डाल दिया।

# रविचंद्रन अश्विन ने 100वें टेस्ट में कुलदीप यादव को दिया अनोखा तोहफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

धर्मशाला। रोहित शर्मा की कप्तानी में कोई कमाल करे न करे, लेकिन कुलदीप यादव ने अपने प्रदर्शन से हर किसी को दीवाना बना दिया है। उन्होंने मौजूदा सीरीज में 17 विकेट झटके, जबकि धर्मशाला टेस्ट की पहली पारी में 5 विकेट भी शामिल हैं। लंबे समय बाद टीम इंडिया में वापसी और इस तरह की गेंदबाज से उन्होंने हर किसी को प्रभावित किया है, जबकि इस पारी में 4 विकेट अश्विन ने भी अपनी झोली में डाले। अश्विन के लिए यह मैच बेहद खास है, क्योंकि वह अपना 100वां टेस्ट खेल रहे हैं। इस पारी में कुछ ऐसा हुआ, जिसने कुलदीप को अश्विन का फैन बना दिया।

2017 में धर्मशाला में ही डेब्यू करने वाले कुलदीप ने पहली पारी में कमाल की गेंदबाजी की। इस चाइनामैन गेंदबाज ने पिछले सात वर्षों में केवल 12 टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें से चार इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज में हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट के शुरुआती दिन कुलदीप ने शीर्ष क्रम के पांच विकेट लेकर हर किसी को हिलाकर रख दिया। दिन का खेल खत्म होने के बाद कुलदीप ने कहा– यदि आप नियमित रूप से खेलते हैं, तो आप अपनी गेंदबाजी के बारे में अधिक आश्वस्त हो जाते हैं।

■लय को पाने में छह से आठ महीने लग गए: कुलदीप

कुलदीप ने अपनी वापसी को लेकर कहा– शुरुआत में यह बहुत चुनौतीपूर्ण था। मैंने अपना एक्शन बदल लिया था। उस लय को पाने में छह से आठ महीने लग गए। अब चीजें पूरी तरह से तैयार हैं और मैं इसका आनंद ले रहा हूं। रांची में, मैंने अपने रन–अप के साथ कुछ करने की कोशिश की (क्रीज पर तेजी से पहुंचना क्योंकि यह धीमी पिच थी), और मैं नियमित रूप से इसका अभ्यास करता हूं। सितंबर 2021 में घुटने की सर्जरी के बाद कुलदीप ने अपनी फिटनेस पर काफी काम किया। उन्होंने 5 विकेट लिया, जिससे इंग्लैंड पहली पारी में 218 रन पर आउट हो गया। कुलदीप ने कहा– गेंदबाजी पूरी तरह से फिटनेस के बारे में है। मैंने पिछले 18 महीनों में अपनी फिटनेस पर बहुत काम किया है। बेहतर फिटनेस के कारण मैं अपनी गेंदबाजी में कुछ बदलाव करने में सक्षम हूं।

## आईपीएल 2024 के लिए एसआरएच ने नई जर्सी की लॉन्च

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 से पहले अपनी नई जर्सी का अनावरण कर दिया। अपने सामान्य नारंगी टोन के साथ, ब्रांड ने जर्सी में काला पैटर्न यूज किया है। एसआरएच की नई जर्सी टी20 लीग की बेहद सफल सनराइजर्स ईस्टर्न केप जर्सी के समान दिखती है। सनराइजर्स हैदराबाद ने नई जर्सी को फायरी हीट नाम दिया है। इस नई जर्सी में नारंगी रंग का फाउंडेशन है और पूरे हिस्से में काले रंग की डिजाइन बनी हुई है। जर्सी में नीचे की तरफ नारंगी रंग की पट्टी वाली काली लोवर है। बता दें कि यह सनराइजर्स ईस्टर्न केप की जर्सी से मिलती जुलती है। एडेन मार्करम की कप्तानी वाली एसआरएच ने 2023 और 2024 दोनों में टी20 लीग जीती। आईपीएल 2024 से पहले एसआरएच ने अपना कप्तान बदल दिया है। फ्रेंचाइजी ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को आगामी सीजन के लिए टीम का कप्तान नियुक्त किया है।

## न्यूज डायरी



## गुजरात जायंट्स की स्टार खिलाड़ी हरलीन देओल डब्ल्यूपीएल से हुईं बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। गुजरात जायंट्स ने पुष्टि की कि स्टार ऑलराउंडर हरलीन देओल घुटने की चोट के चलते महिला प्रीमियर लीग से बाहर हो गई हैं। हरलीन देओल बाकी के बचे हुए मैचों से बाहर हो गई हैं। टीम ने हरलीन के जल्द ठीक होने की शुभकामनाएं दी हैं। गुजरात जायंट्स ने एक आधिकारिक बयान जारी कर इस बात की पुष्टि की। आधिकारिक बयान में लिखा, हम उन्हें जल्द से जल्द वापस एक्शन में देखना चाहते हैं। उनकी जगह 29 वर्षीय भारती फुलमाली को टीम में शामिल किया गया है। बयान में कहा गया है, अंतरिम रूप से भारती फुलमाली जायंट्स टीम में हरलीन की जगह लेंगी। 9 मार्च को खेले जाने वाले अगले मैच में वह टीम में शामिल होंगी। गुजरात का अगले मैच में दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई इंडियंस से सामना होगा। बता दें कि गुजरात ने आरसीबी को हराकर इस सीजन में अपनी पहली जीत दर्ज की थी। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट के नुकसान पर 199 रन का स्कोर बनाया था। डब्ल्यूपीएल के प्वाइंट्स टेबल में गुजरात –1.278 के नेट रन रेट पर केवल 2 अंकों के साथ सबसे निचले पायदान पर है। गौरतलब हो कि हरलीन देओल पहले से ही इंजर्ड थीं। बेंगलुरु में खेले गए यूपी वॉरियर्स के खिलाफ के दौरान उन्हें फिर बाएं घुटने में चोट लग गई थी।

## नूर अली जादरान ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अफगानिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज नूर अली जादरान ने गुरुवार, 7 मार्च को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। आयरलैंड के खिलाफ वनडे मैच से पहले खिलाड़ियों ने नूर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। नूर अली ने अफगानिस्तान के लिए 2 टेस्ट, 51 वनडे और 23 टी20 मैच खेले हैं। नूर ने पहली बार अफगानिस्तान के लिए 2009 में क्रिकेट खेला था। अफगानिस्तान के लिए नूर अली आखिरी बार इस महीने की शुरुआत में आयरलैंड के खिलाफ हुए एकमात्र टेस्ट मैच में खेला था। इस टेस्ट मैच को आयरलैंड ने जीता था। नूर अली ने वनडे में 24.81 की औसत से 1216 रन और टी20 में 27.13 की औसत से 597 रन बनाए। उनके दोनों टेस्ट एक महीने के अंतराल में आए, उन्होंने महीने के अंत में अबू धाबी में आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच से पहले फरवरी की शुरुआत में कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने चार पारियों में 117 रन बनाए। गौरतलब हो कि नूर ने आखिरी बार 2019 वनडे वर्ल्ड कप में हिस्सा लिया था। इसके बाद अक्टूबर 2023 में एशियाई खेलों में टी20 के लिए अफगानिस्तान टीम में वापस बुलाया गया था।

## वाह गजब! रोहित शर्मा के सम्मान में अंग्रेज भी झुके

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** धर्मशाला। इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट मैच में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने गेंदबाजों को खून के आंसू रुला दिए। अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन रोहित ने लंच ब्रेक से ठीक पहले टेस्ट में अपना 12वां शतक पूरा किया था। रोहित की बल्लेबाजी से इंग्लैंड के खिलाड़ी बेदम हो गए थे। रोहित को शुभमन गिल का भी साथ मिला। शुभमन ने भी रोहित के साथ टेस्ट में अपना चौथा शतक पूरा किया। इस तरह लंच ब्रेक तक टीम इंडिया ने सिर्फ 1 विकेट के नुकसान पर 264 रन बना लिए। लंच के बाद एक बार फिर रोहित शर्मा और शुभमन की जोड़ी बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरी, लेकिन इस बार मेहमान टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपनी बॉलिंग से हिटमैन को छका दिया। रोहित ऑफ स्टंप से चूके और बोल्ड हो गए। इस तरह वह 162 गेंद में 103 रन बनाकर आउट हो गए। अपनी इस पारी में उन्होंने 13 चौके और 3 बेहतरीन छक्के भी लगाए। रोहित शर्मा को जैसे ही बेन स्टोक्स ने आउट किया, इंग्लैंड के खिलाड़ी और धर्मशाला में मौजूद मेहमान टीम के सपोर्टर्स ने चैन की सांस ली। इस तरह रोहित शर्मा जब आउट होकर पवेलियन की तरफ बढ़े तो उनकी दमदार बल्लेबाजी के लिए उन्होंने झुककर उनके खेल का अभिवादन करते हुए उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन दिया। इंग्लैंड की टीम ने भारत के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट मैच में टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। हालांकि मेहमान टीम अपनी बल्लेबाजी में कुछ खास कमाल नहीं कर पाई और सिर्फ 218 रन बनाकर सिमट गई।



हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### पीयूष पुरोहित को बेस्ट नैनो क्रिएटर अवॉर्ड मिलने पर सीएम ने दी बधाई

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड में प्रदेश के पीयूष पुरोहित को बेस्ट नैनो क्रिएटर अवॉर्ड से सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने पीयूष पुरोहित को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की है, उन्होंने कहा कि श्री पीयूष को मिला सम्मान राज्य का भी सम्मान है तथा इससे विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार के लिये प्रदेश के युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी।

### हरिकेन और लायंस की शानदार जीत

**संवाददाता** देहरादून। अंतर सचिवालय टी–20 क्रिकेट प्रतियोगिता में सचिवालय हरिकेन और लायंस ने जीत दर्ज की। अश्मित क्रिकेट ग्राउंड में शुक्रवार को पहला मैच सचिवालय हरिकेन और सचिवालय सुपर किंग्स के बीच खेला गया। हरिकेन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में आठ विकेट के नुकसान पर कुल 154 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुपर किंग्स की टीम 20 ओवरों में 144 रन ही बना सकी। हरिकेन ने मैच 10 रन से जीता। दूसरा मैच लायंस और डेंजर्स के बीच खेला गया। लायंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में पांच विकेट पर 161 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डेंजर्स की टीम सात विकेट पर 157 रन ही बना सकी। लायंस ने चार रन से मैच जीत लिया।

### रायपुर में शिवरात्रि मेले के कारण लगा जाम

**संवाददाता** देहरादून। रायपुर में शिवरात्रि मेले के चलते लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यहां दिनभर जाम की समस्या रही। वाहन जाम में घंटों तक फंसे रहे। रायपुर में सुबह से ही सड़क किनारे दुकानें सजने लगी थी। सुबह 11 बजे के बाद लोग भी मेले में पहुंचने लगे थे। दोपहर तक मेले में भीड़ हो गई थी, जिस कारण सड़क पर वाहनों के चलने लायक जगह नहीं थी। भीड़ के बीच में वाहन निकलने मुश्किल हो गए थे। वाहन सवार लोग घंटों तक जाम में फंसे रहे।

### नलिनी तनेजा बनीं उत्तराँचल पजाबी महासभा की जिला प्रभारी

**संवाददाता** देहरादून। नलिनी तनेजा को उत्तराँचल पजाबी महासभा का जिला देहरादून का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। उत्तराँचल पजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव घई ने नलिनीतनेजा को नियुक्त पत्र सौपते हुए कहा की जिला प्रभारी नियुक्त होने के बाद नलिनी तनेजा पंजाबी समाज के उत्थान के लिए काम करेंगी। उन्होंने कहा कि उत्तराँचल पजाबी महासभा समाज को जोड़ने और उत्थान के लिए लगातार काम कर रहा है।

# हल्द्वानी जैसी हिंसा दुबारा न हो इसके लिये सरकार ने उठाए कड़े कदम

## शिलान्यास

■ हल्द्वानी में किया 778 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

■ काठगोदाम बस टर्मिनल से पूरे कुमाऊं के लोगों को मिलेगा लाभः मुख्यमंत्री



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को हल्द्वानी में 778.14 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया, जिसमें काठगोदाम रोडवेज बस टर्मिनल, आरटीओ कार्यालय व अन्य योजनायें शामिल हैं। महाशिवरात्रि व महिला दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि देवभूमि का मूल स्वरूप किसी भी कीमत पर बिगड़ने नही दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि बनभूलपुरा घटना को अंजाम देने वाले एक–एक दंगाई को जब तक सलाखों के पीछे नहीं डाल दिया जाता, तब तक हमारी सरकार चैन से नहीं बैठेगी। जिन लोगों ने कानून के काम को रोकने का कार्य किया है जो भी दोषी होगा उनके खिलाफ जांच होगी। उन्होंने कहा प्रदेश में जिन लोगों ने सरकारी संपति को नुकसान पहुचाया है वसूली भी उन्ही दंगाइयों से होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्द्वानी में रोडवेज बस टर्मिनल, आरटीओ कार्यालय, ड्राईविंग सेंटर सहित यह निर्माण कार्य कई साल पहले तैयार हो जाने चाहिए थे, लेकिन सरकार द्वारा तमाम ऐसे कार्य किये जा रहे हैं, जो पूर्व की सरकारों ने इच्छाशक्ति की कमी के कारण नहीं हो पाये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के 10 लाभार्थियों को चेक प्रदान किये गये। साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत लखपति दीदी योजना के अन्तर्गत 10 स्वयं सेवी संस्थाओं को 4 करोड़ 6 लाख 50 हजार के चेक प्रदान किये गये। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेधावी बालिका प्रोत्साहन योजना के तहत जनपद की 40 बालिकाओं 10–10 हजार के चेक दिये गये। समाज कल्याण विभाग द्वारा 7 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल तथा 10 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर दी गई। कृषि विभाग के 25 कृषको को सम्मानित किया गया। बनभूलपुरा घटना में पत्रकारों के दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त होने पर मुख्यमंत्री विवेकाधीन राहत कोष से 10 लाख का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर ईजा बैंणी महोत्सव पर आधारित वीडियो भी मुख्यमंत्री द्वारा लांच की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर, पर्यावरण सुरक्षा एवं आधुनिक विकास के साथ–साथ सांस्कृतिक विकास के लिए भी विशेष अभियानों का संचालन किया जा रहा है। राज्य में रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए, राज्य में पलायन को रोकने के लिए, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए और राज्य

### प्रधानमंत्री मोदी उत्तराखंड के विकास के लिए संकल्पबद्ध

नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हम उत्तराखंड के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए दिनरात प्रयासरत हैं। सरकार का लक्ष्य विकास की धारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, इसके लिए ही सरकार दिन–रात प्रयत्नशील हैं। विकसित उत्तराखंड निर्माण का जो स्वप्न हमने देखा है, उसके लिए हम ''स्पष्ट विजन'' के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हमारी नीति और नियत दोनों स्पष्ट हैं, जिससे हम राज्य की विकास यात्रा निरंतर आग बढ़ा रहे हैं।

की आधारभूत व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए सरकार द्वारा नीतिगत योजनाओं का खाका तैयार किया गया है।

अपने सम्बोधन में केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि आज प्रदेश में विकास की लहर चल रही है और प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा हल्द्वानी शहर की फिजा भी परिवर्तित होने वाली है। देश के प्रधानमंत्री का देवभूमि उत्तराखण्ड के लिए अनेकों कार्यो का जो संकल्प लिया है जल्द ही धरातल पर उतरने वाले है।

# रसोई गैस पर सौ रुपये छूट महिलाओं को सौगातः भट्ट

## ऐलान

■ महिला दिवस पर पीएम मोदी ने 100 रुपये की छूट का किया ऐलान

**संवाददाता**

देहरादून। भाजपा ने रसोई गैस सिलेंडर पर सौ रुपये की छूट देने पर इसे महिलाओं के लिए सौगात बताया है। कहा कि मोदी सरकार के इस फैसले से बड़ी आबादी को लाभ मिलेगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस ऐलान पर आभार जताया। कहा कि उज्ज्वला कनेक्शन पर सब्सिडी जारी रखने के बाद, यह निर्णय पुनः बताता है कि पीएम मोदी जन– जन के स्वाभाविक अभिभावक हैं। कहा कि सरकार का यह फैसला माताओं– बहिनों के जीवन को आसान बनाने के साथ करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम करेगा। इससे पूर्व भी सरकार अगस्त माह में सिलेंडर की कीमत में 200 रुपए पहले भी कम कर चुकी है।

भट्ट ने कहा कि केंद्र सरकार 300 रुपए की सब्सिडी उज्ज्वला कनेक्शन पर दे रही है, वहीं राज्य की धामी सरकार भी तीन सिलेंडर रिफिल मुफ्त दे रही है। इस तरह प्रदेश में उज्ज्वला सिलेंडर को न्यूनतम कीमत पर देकर भाजपा सरकार अंतोदय परिवारों के घरों को रोशनी से भर रहे हैं।

उधर, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने भी पीएम मोदी के इस फैसले पर आभार जताया। कहा कि यह फैसला लाखों परिवारों का जीवन सुगम और खुशहाल बनाने के साथ–साथ देश की नारी शक्ति को और सशक्त करने वाला है। बंसल ने कहा कि इससे माताओं–बहनों के आर्थिक बोझ को कम करने के साथ–साथ उन्हें उत्तम स्वास्थ्य व खुशहाल जीवन प्रदान करने में सहायता मिलेगी।

### इतने लोगों को मिलेगा फायदा

एलपीजी सिलेंडर के दाम कम होने से आम आदमी को काफी राहत मिली है। देश में कुल 31 करोड़ 40 लाख एलपीजी कनेक्शन हैं। इनमें से 10 करोड़ से ज्यादा लाभार्थी उज्जवला योजना के हैं। केंद्र सरकार ने देश के इन 10 करोड़ से ज्यादा गरीब परिवारों को सब्सिडी पर रसोई गैस सिलेंडर देने की पीएम उज्ज्वला योजना की अवधि एक वर्ष के लिए और बढ़ा दी है। वर्ष 2016 में लागू इस योजना की अवधि मार्च, 2024 में समाप्त हो रही थी। गुरुवार को पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की हुई बैठक में यह फैसला किया गया कि अब यह स्कीम 31 मार्च, 2025 तक जारी रहेगी।

### बाजार में गैर हिंदुओं का सत्यापन करे पुलिस प्रशासन

**संवाददाता** ऋषिकेश। तीर्थनगरी में बढ़ती गैर हिंदुओं की आबादी को लेकर गंगा सेवा रक्षा दल ने चिंता जताई है। उन्होंने सीओ व कोतवाल से मुलाकात कर बाजार में व्यापार कर रहे गैर हिंदुओं का सत्यापन करने की मांग की। गंगा सेवा रक्षा दल के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस क्षेत्राधिकारी संदीप नेगी और कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। संगठन के अध्यक्ष पंडित नरेंद्र शर्मा ने कहा कि तीर्थनगरी ऋषिकेश में गैर हिन्दुओं की आबादी बढ़ती जा रही है। धार्मिक स्थल त्रिवेणी घाट रोड मेन बाजार में हिंदू परिवारों द्वारा गैर हिंदुओं को अपने आर्थिक स्वार्थ के कारण रोजगार की अनुमति दी जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों और व्यापारियों में रोष व्याप्त है। देवभूमि की शांत फिजाओं में जहर घोलने वाले बनफूलपुरा कांड के मास्टरमाइंड षड्यंत्रकारी अब्दुल मलिक जैसों ने जहर घोलने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।